# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)

एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033

दूरभाष क्रमांक: 0755–2678855 फैक्स क्रमांक : 0755– 2678837


क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2015 / 3002 भोपाल दिनांक 02/12/2015

प्रति,

प्राचार्य / संचालक / डायरेक्टर,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त इंजी / फार्मेसी महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

विषय : विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा जारी की गयी **e-mail ID** को अमल में लाये जाने के संबन्ध में।

–00–

विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं के प्राचार्य / डायरेक्टर को एक **e-mail ID** एवं पासवर्ड **G-mail** पर विश्वविद्यालय के नेटवर्क के माध्यम् से जारी की गयी है तथा इसकी सूचना स्पीडपोस्ट के माध्यम से सभी संस्थाओं को भेजी गयी है। दिनांक 07 दिसम्बर 2015 से समस्त संस्थाओं को परीक्षा संबन्धी समस्त कार्यों के लिये उक्त **e-mail ID** से ही जानकारी भेजना अनिवार्य है। किसी भी अवस्था में संस्था के किसी अन्य अधिकारी / कर्मचारी के व्यक्तिगत **e-mail** के माध्यम् से प्राप्त मेल पर कोई भी कार्यवाही किया जाना परीक्षा विभाग के लिये संभव नही हो सकेगा।

अतः अनुरोध है कि परीक्षा संबन्धी कार्यो की गोपनीयता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित **e-mail ID** के माध्यम से ही संवाद स्थापित किया जावे। इस प्रयोजनार्थ संस्था के किसी नियमित कर्मचारी को उक्त कार्य हेतु अधिकृत किये जाने का अनुरोध है।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित,

02.12.15

(डॉ० मोहन सेन)
परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल

पृ०क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2015 / भोपाल दिनांक 02/12/2015

प्रतिलिपि :–

1. स्टाफ आफीसर, माननीय कुलपति कार्यालय, की ओर इस आशय के साथ कि पत्र के संदर्भ से माननीय कुलपति जी को अवगत कराना चाहें ।
2. कुलसचिव, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल को सूचनार्थ ।
3. सहायक कुलसचिव (परीक्षा), राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल ।
4. सेक्शन आफीसर (परीक्षा), राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल ।

(डॉ० मोहन सेन)
परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल